प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला दूसरी बार चुने गए लोकसभा अध्यक्ष : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने दी बधाई।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में ईको टूरिज्म संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– ईको टूरिज्म के तहत विलेज टूरिज्म को दिया जाये बढ़ावा।
3. प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ में दो दिवसीय एमएसएमई सम्मेलन का किया शुभारम्भ : कहा– प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में यह सेक्टर निभायेगा बड़ी भूमिका।

और

4. प्रदेश में ललितपुर के रास्ते मानसून ने दी दस्तक : मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश में होगी अच्छी बारिश।

——————

भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से आज 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन विपक्ष ने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता

राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। श्री बिरला पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। अपने संबोधन में श्री बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है।

*आदरणीय अध्यक्ष महोदय ये सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरह से मै बहुत–बहुत बधाई देता हूँ। हम सबका विश्वास है कि आप अपने वाले पांच साल हम सबका मार्ग दर्शन भी करेंगे और देश की आशा आपकी इच्छाए पूर्ण करने के लिए अपना दायित्व निभाने में आपकी बहुत बडी भूमिका रहेगी।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में ईको टूरिज्म संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिये सयुक्त प्रयासों के लिये उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड और बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको टूरिज्म के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में

विलेज टूरिज्म को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि रोजगार सृजन की नई संभावनाएं बन सके।

बाइट..........

*होम स्टे जो हम स्पिरिचुअल टूरिज्म की दृष्टि से करते हैं चाहे वह काशी में हो, अयोध्या में हो या मथुरा वृंदावन में अगर इन्हीं संभावनाओं को लेकर के हम लोग यही कार्य इको टूरिज्म में भी उन ग्रामीण क्षेत्रों में भी निवेश टूरिज्म को डेवलप करे। तो गाँव के लोगो के सामने भी रोजगार सृजन की एक नई संभावना बनेगी। लोगों के मन में एक उत्साह आएगा। उनके रहन सहन, उनके व्यवहार में सामान्य बातचीत में एक नया परिवर्तन आपको देखने को मिलेगा। विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ने में उनको मदद मिलेगी।*

——————————

27 जून को वर्ल्ड एमएसएमई डे से पहले आज प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने लखनऊ में दो दिवसीय यूपी एमएसएमई सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्री सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने में एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका होगी। ऐसे में प्रदेश में एमएसएमई को बढ़ावा देना सरकार कि पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स हैं, जो बड़े स्तर पर रोज़गार का सृजन करती हैं। सरकार की नीति है कि इन यूनिट्स को किसी प्रकार को परेशानी न हो क्योंकि देश की जीडीपी में एमएसएमई 40 परसेंट का योगदान देती है। वहीं रोज़गार देने में एमएसएमई की 62

परसेंट की हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज़मीन की कीमतों को लेकर उद्योगपतियों की चिंता को देखते हुए सरकार लैंड बैंक बना रही है।

कार्यक्रम में विकसित भारत के लिए एमएसएमई के विज़न पर मंथन करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि एमएसएमई बड़े पैमाने पर लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने का काम कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे इनोवेशन पर जोर दिया जाना चाहिये जो लोगों की भविष्य की ज़रूरतों को पूरा कर सकें।

——————————

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 में अलीगढ़ के मनोज कुमार ने पहला स्थान हासिल किया है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से जारी नतीजों में प्रयागराज के शिवमंगल ने दूसरा और वाराणसी के नजोर अहमद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रवेश परीक्षा में टॉप करने वाले मनोज कुमार ने कहा कि वह सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

टॉप टेन में छह पुरूष और चार महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। इनमें अलीगढ़ के पांच अभ्यर्थी ह। टॉपर मनोज के अलावा पांचवीं रैंक कुमारी दीक्षा, छठी रैंक अंजली राय, नौवीं रैंक हर्षिता वार्ष्णैय और दसवीं रैंक आवेश कुमार को मिली है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय ने कहा कि शासन ने रिजल्ट घोषित करने

के लिये तीस जून की तारीख तय की थी, लेकिन नतीजे चार दिन पहले ही घोषित कर दिये गये। उन्होंने बताया कि कुल एक लाख 93 हजार 62 अभ्यर्थियों को रैंक जारी की गई है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

मेडिकल स्नातक परीक्षा—नीट घोटाले की जांच के लिए एक केन्द्रीय दल महाराष्ट्र के बीड पहुंच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार टीम ने जिले के मजलगांव तालुका के कुछ शिक्षकों से पूछताछ की है। घोटाले में एक और आरोपी को महाराष्ट्र में लातूर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम संजय जाधव है। अब तक चार में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने

कुल चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लातूर जिला परिषद स्कूल के शिक्षक जलील खान पठान को रविवार को गिरफ्तार किया गया था।

उधर, उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के जी बी पंत विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर बद्रीनारायण तिवारी ने कहा है कि शिक्षा मंत्रालय नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं के मामले में पूरी गंभीरता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है।

अभी जो गवर्नमेंट ने पांच बड़े एक्शन लिए हैं और उन बड़े एक्शन में एनटीए को ओवरहॉल करने की जो प्रोसेस है उनके लिए कमेटी बनाई है उच्चस्तरीय कमेटी और वो कमेटी न केवल एनटीए में क्या चेंजिंग होंगे, उसको सजेस्ट करेगी, बल्कि फ्यूचर में एक्जामिनेशन प्रोसेसेज में लीकेज की संभावना कैसे खत्म की जाएं, उसके लिए सुझाव देगी। डेटा प्रोटोकॉल सिस्टम, जो ट्रांसपोर्टेशन, ह्यूमन इंटरफेयरनेंस कैसे मिनिमाइज करेगी, तो ये सारे सोल्यूशन वो कमेटी देगी। सीबीआई इंक्वेरी हो रही है। सीबीआई इंक्वेरी से वो कहां से शुरू हुआ है, पकड़ा जाएगा।

———————————

आज मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस है। इस दिवस को विश्व औषधि दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इसी क्रम में जौनपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशामुक्त भारत पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने बताया कि ड्रग्स और अवैध नशे के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। बाइट.......

*Narcotics एक ऐसा अभिशाप है जिसकी वजह से कई घर उजड़ जाते हैं और drugs के खिलाफ police के द्वारा संगठित रूप से अभियान समय समय पर चलाए जाते हैं और पूरा प्रयास किया जाता है कि इस अभिशाप को पूरी तरह से किया जा सके। जैसे ही किसी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त होती है तो उस पर जनपद police द्वारा या अन्य हमदबपमे के साथ या फिर anti narcotic जों वितबम के साथ मिलकर के संयुक्त रूप से उस intelligence को कमअमसवच किया जाता है और उसके ऊपर समय के अनुसार कार्यवाही की जाती है और जितने भी इस तरह के लोग है अपराधी है जो drugs की तस्करी में drugs की बिक्री में involve रहते हैं उनके विरुद्ध समय समय पर कारवाईयाँ समीक्षा कर की जाती है और जिनके विरुद्ध इस तरह के मुकदमे दर्ज है और courts में उनके trial चल रहे हैं उसमें बहुत ही systematic तरीके से उसका follow up लिया जाता है।*

——————————

**प्रदेश में ललितपुर के रास्ते मानसून ने दस्तक दे दी है। दक्षिण पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, पीलीभीत, चंदौली, जौनपुर, बलरामपुर, कौशांबी और गोरखपुर समेत अन्य जनपदों में बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है। विभाग की ओर से अगले चार दिनों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बारिश की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में**

अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार हवाएं भी चल सकती है।

(समाप्त)